मूल हिंदी में

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.4514

20.03.2020 को उत्तर के लिए

सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन

4514. श्री निहाल चन्द चौहान :
श्री कृपानाथ मल्लाह :
डॉ. कलानिधि वीरास्वामी :
श्रीमती जसकौर मीना :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का देशभर में पच्चीस 'सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों' (सी.ए.ए.क्यू.एम.एस.) की स्थापना करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो असम, राजस्थान और तमिलनाडु सहित तत्संबंधी राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इस परियोजना पर व्यय होने वाली अनुमानित निधि का ब्यौरा क्या है;

(घ) इन्हें कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है; और

(ङ) क्या मंत्रालय ने इस संबंध में विद्युत मंत्रालय के साथ किसी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) से (घ) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मैसर्स एनटीपीसी लिमिटेड की सीपीएसयू-सीएसआर निधियों का उपयोग करके लगभग 22 महीने की समयावधि में देश के 13 शहरों में पच्चीस स्थानों पर सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया में है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण संलग्न हैं। पच्चीस स्टेशनों के लिए कुल 80.00 करोड़ रुपये की अनुमानित निधि की आवश्यकता है। इसके अलावा, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के तहत 65 अतिरिक्त सीएसएक्यूएमएस स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है।

(ङ) मंत्रालय ने इस संबंध में विद्युत मंत्रालय के साथ किसी भी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। हालांकि, इस पहल के लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा मैसर्स एनटीपीसी लिमिटेड के साथ उनकी सीएसआर निधि के तहत 25 सीएसएक्यूएम स्टेशनों की स्थापना के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

****

अनुबंध

मैसर्स एनटीपीसी लिमिटेड के सीपीएसयू-सीएसआर निधि के अंतर्गत सीएसएक्यूएमएस संस्थापनों की सूची

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**शहर**	**सीएएक्यूएमएस की संख्या**
1.	मध्य प्रदेश	भोपाल	02
2.		ग्वालियर	02
3.	झारखंड	रांची	02
4.	बिहार	पटना	02
5.	उत्तर प्रदेश	वाराणसी	02
6.		लखनऊ	02
7.		कानपुर	03
8.		इलाहाबाद	03
9.	महाराष्ट्र	पिंपरी-चिंचवड	02
10.	तमिलनाडु	मुदरई	02
11.	अंडमान एवं निकोबार द्वीप	पोर्ट ब्लेयर	01
12.	दादर नगर हवेली और दमन एवं द्वीव	सिल्वासा	01
13.		दमन	01
	6 राज्यों और 2 संघ राज्य क्षेत्र	**13 शहरों**	**25 सीएएक्यूएमएस**

****